# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)
Uttarakhand Open University
Teenpani Bypass, T. P. Nagar, Haldwani- 263139

**Ref. No. UOU/ अनु० /999** **Date: 08/ 01 /2026**

## कोटेशन नोटिस

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में निम्नलिखित फर्निचर मरम्मत हेतु अनुभवी व सक्षम ठेकेदारों/फर्मों/एजेंसियों से सीलबंद लिफाफे में कोटेशन (दरें) आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक एवं पात्र फर्म/एजेंसी/ठेकेदार निम्न प्रारूप में अपनी दरें स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए दिनांक 15/01/2026 अपराह्न 03:00 बजे तक अपना कोटेशन सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से **"फर्निचर मरम्मत के कार्य हेतु कोटेशन"** अंकित किया जाना अनिवार्य होगा, जिसे **उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (अनुरक्षण विभाग)** में डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर (By Hand) निर्धारित समयावधि के भीतर उपलब्ध कराया जा सकता है।

निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## फर्निचर मरम्मत के कार्य

**कार्य का विस्तृत विवरण (Detailed Scope of Work)**

मरम्मत कार्य में निम्नलिखित कार्य सम्मिलित होंगे (परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं):

1. कुर्सियों के रेक्सीन/कवर, फोम एवं सीट प्लाई का बदलना/मरम्मत
2. कुर्सी शॉकर, व्हील, रिवॉल्विंग बेस, हैंडल, लीवर, लॉक आदि की मरम्मत/प्रतिस्थापन
3. प्लेट मशीन (Tilt / Tension Control Mechanism) की मरम्मत
4. कुर्सियों एवं अन्य फर्नीचर की आवश्यक वेल्डिंग
5. टेबल/मेज के चैनल सेट, दराज, स्टेनलेस स्टील हैंडल की मरम्मत/प्रतिस्थापन
6. सेफ/अलमारी के लॉक की मरम्मत/बदलाव
7. नट-बोल्ट, स्क्रू एवं अन्य सहायक सामग्री सहित पूर्ण मरम्मत

| क्रम सं. | सामग्री | संख्या | दर प्रति |
|---|---|---|---|
| 1 | कुर्सी रेक्सीन / कवर चेंज | 45 | |
| 2 | कुर्सी शॉकर मरम्मत / चेंज | 51 | |
| 3 | कुर्सी व्हील मरम्मत / चेंज | 185 | |
| 4 | कुर्सी हैंडल मरम्मत / चेंज | 44 | |
| 5 | कुर्सी सीट प्लाई मरम्मत / चेंज | 6 | |
| 6 | कुर्सी रिवॉल्विंग बेस मरम्मत / चेंज | 2 | |
| 7 | कुर्सी प्लेट मशीन T.M टिल्ट टेंशन कण्ट्रोल | 4 | |
| 8 | हैंडल पट्टी | 6 | |
| 9 | वेल्डिंग कुर्सियों की | 10 | |
| 10 | लीवर डंडी | 12 | |
| 11 | LN key कांटें | 20 | |
| 12 | फोम सीट पर | 1 | |
| 13 | लीवर लॉक न्यू कम्प्लीट | 1 | |
| 14 | कुर्सी रिपेयर नट बोल्ट सहित | 91 | |
| 15 | सेफ/अलमारी लॉक रिपेयर/ रिप्लेस | 16 | |
| 16 | टेबल चैनल सेट हैवी | 14 | |
| 17 | टेबल/ दराज के स्टेनलेस स्टील हैंडल | 7 | |
| 18 | खिड़कियों के कांच | 40 | |
| 19 | कुर्सी अलाइनमेंट, बैलैन्स,ओवरॉल रिपेयर | 37 | |

Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286000Fax No. 264232
Websit:www.uou.ac.in, E-mail: registrar@uou.ac.in

**Ref. No. UOU/ अनु ० /** **Date: 08 / 01 /2026**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | स्टील बेंच रिपेयर | 4 | |
| 21 | दरवाजों खिड़की कि कुंडिया बिना ताले वाली | 26 | |
| 22 | ताले वाली कुंडी मरम्मत / चेंज | 20 | |

**नियम और शर्तें (Terms and Conditions)**

1. दर बिना GST के उद्धृत करनी होगी। जीएसटी को अलग से स्पष्ट रूप से दर्शाई जानी चाहिए।
2. कोटेशन में दर्शाई गई दरें समस्त सामग्री, श्रम, उपकरण, परिवहन, लोडिंग-अनलोडिंग, सुरक्षा उपाय एवं अन्य सभी प्रासंगिक व्ययों सहित पूर्ण एवं अंतिम मानी जाएंगी।
3. समस्त मरम्मत कार्य मानक गुणवत्ता की, टिकाऊ एवं दीर्घकालिक उपयोग योग्य सामग्री से किया जाएगा। मरम्मत में प्रयुक्त सभी सामग्री, पुर्जे एवं फिटिंग्स **नई, अप्रयुक्त तथा ISI mark/Standard Quality** की होंगी। किसी भी स्थिति में पुराने, घटिया अथवा दोषपूर्ण पुर्जों का उपयोग स्वीकार्य नहीं होगा। मरम्मत कार्य इस प्रकार निष्पादित किया जाएगा कि फर्नीचर की **मूल संरचना, संतुलन एवं सुरक्षा** प्रभावित न हो। मरम्मत उपरांत फर्नीचर का संचालन पूर्णतः **सुचारु, सुरक्षित एवं उपयोग योग्य** होना चाहिए।
4. कार्य का आदेश जारी होने की तिथि को शामिल करते हुए अधिकतम 2 दिन के भीतर कार्य प्रारंभ करना होगा, तथा कार्यादेश की तिथि से 10 दिवस के भीतर सभी कार्य पूरे करने होंगे ऐसा ना होने पर कार्यादेश स्वतः ही रद्द माना जायेगा।
5. निविदा का मूल्यांकन कार्य / सामग्री की कुल राशि पर ही किया जाएगा।
6. फर्म का संगत कार्य में GST पंजीकरण अनिवार्य है। प्रमाण पत्र संलग्न करें।
7. क्रय समिति मार्केट सर्वे के आधार पर ही दरों का सत्यापन कर अंतिम निर्णय लेगी।
8. भुगतान कार्य निर्धारित मानकों व गुणवत्ता का पाए जाने के उपरांत किया जाएगा।
9. फर्म को किए गए कार्य की **न्यूनतम एक वर्ष की गारंटी** देनी होगी। अंतिम बिल (Final Bill) से कुल देय राशि का **5%- 10 %** सुरक्षा राशि (Security Deposit) के रूप में रोका जाएगा।
10. कार्य पूर्ण होने की तिथि से **01 वर्ष की अवधि डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड (DLP)** मानी जाएगी। इस अवधि के दौरान यदि किसी प्रकार की टूट-फूट, खराबी अथवा गुणवत्ता संबंधी कमी पाई जाती है, तो फर्म द्वारा उसे **अपने खर्च पर तत्काल ठीक करना अनिवार्य होगा**। सुरक्षा राशि डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड की अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण होने के पश्चात ही अवमुक्त की जाएगी।
11. कार्य समय पर एवं गुणवत्ता के साथ करना अनिवार्य होगा। आंशिक, अपूर्ण अथवा असंतोषजनक कार्य की स्थिति में विश्वविद्यालय को भुगतान रोकने अथवा कटौती करने अथवा प्रतिबंधित/ ब्लैकलिस्टेड करने का पूर्ण अधिकार होगा।
12. ठेकेदार कार्यस्थल पर अपने श्रमिकों की सुरक्षा, बीमा एवं श्रम कानूनों के अनुपालन हेतु पूर्ण रूप से स्वयं जिम्मेदार होगा। किसी भी दुर्घटना/हानि के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।
13. दरें उपलब्ध करने से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण अनिवार्य है अतः कार्य के विवरण और स्थान के निरीक्षण के लिए, इच्छुक ठेकेदार कार्य दिवसों में अनुरक्षण अनुभाग से संपर्क करें। इच्छुक ठेकेदार को स्कोप ऑफ वर्क की जानकारी का सहमति प्रमाणन अनुरक्षण अनुभाग में करना होगा अन्यथा फर्म कि दरों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
14. कार्य की गुणवत्ता विश्वविद्यालय/अनुरक्षण विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई जाने पर ही भुगतान किया जाएगा।
15. कार्य के दौरान विश्वविद्यालय की संपत्ति को हुई किसी भी क्षति की पूर्ण भरपाई ठेकेदार द्वारा की जाएगी।
16. कोटेशन नोटिस मात्र दरों की जानकारी हेतु जारी किया जा रहा है। फर्म यह सुनिश्चित कर ले कि इस आधार पर क्रयादेश/ कार्यादेश पाने का कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
17. विश्वविद्यालय को बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी कोटेशन को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा तथा इस संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)
## Uttarakhand Open University
Teenpani Bypass, T. P. Nagar, Haldwani- 263139

**Ref. No. UOU/ अनु० /** **Date: 08 / 01 /2026**

**फर्म प्रतिनिधि का नाम व हस्ताक्षर:**..........................................................................................

- फर्म का नाम: .........................................................(GST Number)........................................
- फर्म का पता: ...................................................................................................................
- फर्म का संपर्क नंबर (Mobile): ..............................................................................................
- फर्म की ईमेल आईडी (Email ID): ...........................................................................................
- फर्म की मुहर (यदि हो तो): .................................................................................................

**अध्यक्ष, केंद्रीय क्रय समिति**
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

**प्रतिलिपि:** निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु—

1. कुलपति जी के वैयक्तिक अधिकारी को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
3. प्रभारी आई.सी.टी अनुभाग को कोटेशन नोटिस विश्वविद्यालय की वेबसाइट मे अपलोड करने हेतु।
4. सहायक कुलसचिव, क्रय/ अनुरक्षण, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

**अध्यक्ष, केंद्रीय क्रय समिति**
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी